**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2608 का उत्तर**

**मालदा टाउन स्टेशन**

**2608. श्री ईशा खान चौधरी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रेलगाड़ी संख्या 13033 अप और 13034 डाउन पहले सकोपारा हाल्ट पर रुकती थी जिससे टिकटों की बिक्री से प्रतिवर्ष 25 लाख रुपये की आय होती थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या सरकार की इस राजस्व को अर्जित करने के लिए इस ठहराव को पुन: शुरू करने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार फरक्का एक्सप्रेस, जो प्रवासी कर्मकारों के लिए जीवन रेखा है, को बालुरघाट के स्थान पर मालदा टाउन स्टेशन से पुनः शुरू करने पर विचार करेगी ताकि मालदा जिले के गरीब श्रमिकों को अपना मालदा कोटा न खोना पड़े; और**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): भारतीय रेल ने रखरखाव कॉरिडोर ब्लॉक बनाकर बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने, मौजूदा समय सारणी में विसंगतियों को कम करने, गाड़ियों की गति बढ़ाने आदि के उद्देश्य से**

आईआईटी-मुंबई की सहायता से वैज्ञानिक तरीके से समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाया है। तदनुसार, संकोपारा स्टेशन पर वर्तमान में 04 जोड़ी पैसेंजर गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 13033/13034 हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस का संकोपारा स्टेशन के पास धूलियान गंगा/न्यू फरक्का में ठहराव निर्धारित है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं में ठहराव देना यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, वैकल्पिक सेवाओं की उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत् प्रक्रिया है।

(ग) और (घ): बालुरघाट के यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए फरक्का एक्सप्रेस की सेवाओं को बालुरघाट तक बढ़ा दिया गया है। तदनुसार, इस गाड़ी का आरक्षण कोटा विभिन्न रेलवे स्टेशनों के बीच एकोमोडेशन की उपलब्धता, मांग स्वरूप और मौजूदा दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पुनर्वितरित किया गया है। इसके अलावा, आवधिक आधार पर कोटे का वितरण और समीक्षा की जाती है और जहाँ-कहीं ज़रूरत होती है, समायोजन किया जाता है, जो एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है।

*****

SK